**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 08.01.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए ई–के वाई सी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर इक्कतीस जनवरी कर दी है।
- राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है।
- डाइट गाराचरामा के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए कल हिन्दी भाषा संचेतना शिविर का उद्घाटन किया गया।
- इक्तालिसवीं एन टी पी सी सब जूनियर तीरंदाजी चैम्पियनशिप में द्वीपों के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं।
- शहीद द्वीप में विवेकानंद मेले के आयोजन को देखते हुए बारह से उन्नीस जनवरी तक अतिरिक्त जलयान सेवा की व्यवस्था की गई है।

**<><><><><><><>**

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए ई–के वाई सी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर इक्कतीस जनवरी कर दी है। गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थी आधार नम्बर के साथ नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है। ऐसा न करने पर ऐसे राशन कार्ड धारकों को फर्जी माना जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पांच वर्ष की आयु होने से पहले ही आधार बनाया गया था। इस कारण इनका ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत बनाने को कहा

गया है। ऐसे लाभार्थी एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों के आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। आम जनता से चालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूले जाने से संबंधित प्राप्त शिकायत के बाद विभाग ने ऑटोरिक्शा मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धारा चौहत्तर और धारा छियानबे के अनुसार ऑटोरिक्शा और टैक्सी वालों को इस मामले में किराया मीटर लगाने और उसे उचित कार्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कहा है। ऑटोरिक्शा परमिट धारकों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है। उल्लंघन करने पर ऑटों चालकों के परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं। परमिट शर्तो पर सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद द्वीपसमूह के लिए लागू ऑटोरिक्शा किराए में संशोधन किया है तथा ऑटो–रिक्शा परमिट धारक और चालकों को अपने किराया मीटर को नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के मापतौल संभाग से अधिसूचित किराया मीटर और स्टैम्प लगवाने को कहा है। ऑटोरिक्शा मालिकों को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किराया चार्ट को अपने ऑटोरिक्शा में प्रदर्शित करना होगा। किराया मीटर के अनुसार ही वसूले जाने चाहिए। निर्धारित ऑटो किराए से अधिक शुल्क लेना, यात्रियों के अनुरोध के अनुसार ऑटोरिक्शा चलाने से इंकार करना तथा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा।

आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऑटोरिक्शा चलाने से मना करने, यात्रा शुरू होने से पहले किराया मीटर न लगाने तथा अत्यधिक शुल्क लेने आदि के संबंध में अपनी शिकायतें परिवहन सचिव, को ऑटोरिक्शा की पंजीकरण संख्या तथा शिकायत के विवरण के साथ भेजें और दिए गए नम्बरों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

<><><><><><>

केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद द्वारा डाइट गाराचरामा के द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए कल संस्थान में हिंदी भाषा संचेतना शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में एस आई ई की प्राचार्या संगीता चंद मुख्य अतिथि और गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह सम्मननीय अतिथि थीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने भारत में एक भाषा के रूप में हिंदी के महत्व पर बल दिया और भाषाई और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल की भूमिका को रेखांकित किया। सम्माननीय अतिथि ने हिंदी भाषा और

साहित्य को बढ़ावा देने में केंद्रीय हिंदी संस्थान के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर आगरा के केंद्रीय हिंदी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील कुलकर्णी ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। हिंदी भाषा संचेतना शिविर का उद्देश्य हिंदी भाषा कौशल को बढ़ावा देना तथा शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय समुदाय के बीच सांस्कृतिक महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अट्ठारह जनवरी तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के लिए कार्यशालाएँ, सेमिनार और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

**<><><><><><><>**

द्वीपों के दौरे पर आए दक्षिणी नौसेना कमान के एन एम, फ्लैग ऑफिसर, कमांडिंग–इन–चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास ने कल राज निवास में उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी से मुलाकात की।

**<><><><><><><>**

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से आज लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–सर्वाइकल कैंसर–कारण, लक्षण और उपचार। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. हर्षजोत वाधवा श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम आज शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

**<><><><><><><>**

गुजरात में चल रहे चौहत्तरवें राष्ट्रीय बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की पुरूष बास्केट बॉल टीम भी भाग ले रही है। यह चैम्पियनशिप बारह जनवरी तक चलेगी।

उधर, द्वीपों की तीरंदाजी टीम जयपुर में आयोजित इकतालीसवीं एन टी पी सी सब–जुनियर तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भाग ले रही है। दस जनवरी तक चलने वाले इस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की टीम आज और कल तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में भाग लेगी।

**<><><><><><><>**

शहीद द्वीप में विवेकानंद मेले के आयोजन को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने बारह से उन्नीस जनवरी, तक श्री विजयपुरम और शहीद द्वीप के बीच अतिरिक्त जलयान सेवा की व्यवस्था की है। इच्छुक यात्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अतिरिक्त नौका सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इन जलयानों के लिए यात्री टिकट दस जानवरी से जारी किए जाएँगे।

इस बीच तकनीकी कारणों के चलते, मिडिल स्ट्रेट और बाराटांग के बीच चलने वाले वाहन फेरी जलयान नॉर्थ बे की सेवाएं सात जनवरी से वापस ले ली गई हैं, इसके स्थान पर जलयान कदमतला और जलयान ऑस्टिन–फोर की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

**<><><><><><><>**

क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय में सागर मित्रों की भर्ती के लिए दस जनवरी को आयोजित होने वाली साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

गाराचरामा में पेंशन योजनाओं के लिए जागरूकता और पंजीकरण अभियान आयोजित करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है। अखबार ने परिवहन निदेशालय में एचआईवी और एस टी आई पर जागरूकता व जांच शिविर आयोजित करने के समाचार को भी अंतिम पृष्ठ में जगह दी है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने मत्स्य मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण के लिए द्वीपों के इच्छुक मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, जनजातियों और बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है। प्रगतिशील ग्रामीण उद्यमिता रणनीतियों को बढ़ावा देने पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। सरकार द्वारा बुजुर्ग नागरिकों के लिए पैन इंडिया हेल्पलाइन लांच करने के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**